Sanmarg

Date: 01/08/2016 Page No: 06 Location: Main Circulation: 108000

Edition: Kolkata

Emami foundation distributed books to 346 students

इमामी फाउण्डेशन ने 346 विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें दी

कोलकाता : इमामी ग्रुप ऑफ कम्पनिज के इमामी फाउण्डेशन के सीएसआर योजना **पढ़ो इंडिया पढ़ो** के तहत शनिवार को 346 छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें दी गयीं, जिसमें महानगर व हुगली जिले के कुल 16 स्कूल शामिल थे। कोलकाता के 66 नम्बर वार्ड में स्थित आन्नदधाम प्रांगण में आयोजित पुस्तक वितरण कार्यक्रम में राज्य के आपदा प्रबंधन एवं सिविल डिफेंस विभाग के मंत्री **जावेद अहमद खान** मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इमामी फाउण्डेशन के **आर.एस अग्रवाल, आर.एस गोयनका** व **सुशील गोयनका** की प्रेरणा से गत 8 वर्षों से जरुरतमंदों की सहायता व सेवा का कार्य किया जा रहा है यह सचमुच सराहनीय है। वहीं उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में हो रहे शिक्षा विकास की प्रशंसा की तथा छात्र-छात्राओं के हौसले बढ़ाये। सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण मुकुल दत्त ने दिया। इस मौके पर राज कुमार गोयनका, राम अवतार मूधड़ा, नरेश भंसाली, एस पटवारी, सुभाष राय इत्यादि उपस्थित थे।

Copyright of the article is with the publication